आपके माध्यम से मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि एक किसान खेती करता है और थकता है, या मजदूर मजदूरी करने के बाद थकता है तो बीड़ी पीता है। इससे उनका स्वास्थ्य भी खराब होता है। तो आपके पास ऐसा कोई विकल्प है कि बीड़ी के बजाय आप उनको वह दे सके और साथ में उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहे तथा थकान के बाद वे फिर से काम कर सकें।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Is there any proposal?

SHRI PABAN SINGH GHATOWAR: Madam, I do not think that there are any such proposals to give like this because it is the firm view of the Health Ministry to discourage the use of tobacco among the people of our country. There is no such proposal and there is no alternative also. I say this because, I think, all the honourable Members would recall that even before our Independence, the Father of the Nation had started an agitation against the use of opium. In those days, hundreds of thousands of acres of land was being used to cultivate opium. But, gradually, the cultivators shifted to other crops because you cannot compromise with the health of the people of the country.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Question No.286.

*286. *[The Questions (Shri Ramdas Agarwal) was absent. For answer vide col. 29 infra]*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Question No.287.

पान-मसाले में सैकरीन का इस्तेमाल

****287. श्रीमती सुषमा स्वराज†**
डा॰ जिनेन्द्र कुमार जैन:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में कार्यरत अनेक खाद्य अनुसंधान संस्थानों ने पान-मसाले में शर्करा (सैकरीन) या उससे उत्पादित अन्य सामग्री के इस्तेमाल का विरोध किया है क्योंकि उससे कैंसर हो सकता है; और

(ख) यदि हां, तो इन संस्थाओं के नाम क्या हैं; और सरकार द्वारा उनकी सलाह को अस्वीकार कर पान-मसाला विनिर्माताओं को शर्करा (सैकरीन) या उससे उत्पादित अन्य सामग्री को पान-मसाले में उपयोग करने की छूट देने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी॰ शंकरानंद): (क) और (ख) पान मसाले में सैकरीन के प्रभाव के बारे में अलग-अलग विचारों के कारण सरकार ने इस विषय पर विभिन्न अध्ययनों और सामग्री की जांच करने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ ग्रुप की नियुक्ति की। विशेषज्ञ ग्रुप के सदस्यों द्वारा व्यक्त किए गये विभिन्न विचारों को ध्यान में रखते हुए इस मामले को विशेषज्ञ राय के लिए महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद को भेजा गया। दी गई राय इस प्रकार थी:—

(1) पान मसाले और सुपारी में उत्परिवर्तजनीयता होती है।

(2) जितनी मात्राओं में सैकरीन का प्रयोग किया गया है उनसे पान मसाले और सुपारी में उत्परिवर्तजनीयता नहीं बढ़ती।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Question hour is over

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में आरक्षित पदों का भरा जाना

***283. श्री कामेश्वर पासवान:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में वरिष्ठ प्रालेखन अधिकारी के पद (आरक्षित) को, जिसे दिनांक 25 फरवरी, 1993 को विज्ञापित किया गया था, उसे अनारक्षित पद घोषित किए जाने के पश्चात् 17 मई 1993 को पुन: विज्ञापित किया गया; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी॰ शंकरानन्द): (क) और (ख) राष्ट्रीय स्वास्थ्य

---

*सभा में यह प्रश्न श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा पूछा गया